दैनिक
लोकजीवन
भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी
■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026
■ वर्ष 51 ■ अंक 282 ■ भीलवाड़ा ■ मंगलवार 24 नवम्बर 2026 ■ कार्तिक, शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा, संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

लोकजीवन
के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए QR को स्केन करें

जिला परिषद को कल मिलेगा प्रमुख

कांग्रेस में तीन नामों पर मंथन, आज शाम बैठक

रात तक तय हो जाएगा एक नाम, कल सुबह मतदान

कांग्रेस के नाम पर भाजपा की टिकी नजरें


लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिला प्रमुख का चुनाव 24 नवंबर, बुधवार को होगा। जिला प्रशासन ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं। ग्यारह साल के लंबे इंतजार के बाद जिला परिषद में बतौर जिला प्रमुख वापसी करने जा रही कांग्रेस में प्रत्याशी चयन की घड़ी आ गई है। 45 सदस्यीय जिला परिषद में कांग्रेस की 31 सीटें होने से उसका जिला प्रमुख बनना तय माना जा रहा है, लेकिन कांग्रेस अब तक अपने प्रत्याशी का नाम तय नहीं कर पाई है।

कांग्रेस के प्रदेश स्तर पर जयपुर में जिला प्रमुख के लिए संभावित नामों पर मंथन होने की खबर है। वहां कांग्रेस प्रदेश संगठन के साथ देहात जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामलाल जाट, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भीलवाड़ा सांसद रहे डॉ.सीपी जोशी तथा जिला पंचायत चुनाव प्रभारी पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ.रघु शर्मा के बीच मंथन होने की खबर आ रही है। कांग्रेस से जिला प्रमुख के तीन दावेदार मांडल के पूर्व विधायक स्व.विजय सिंह के बेटे दुर्गपाल सिंह, कांग्रेस परिवार से जुड़े खनन व्यवसायी सत्यप्रकाश डीडवानियां तथा मांडलगढ़ के पूर्व प्रधान खनन उद्यमी कैलाश मीणा हैं।

जिला प्रमुख बनाने को लेकर कांग्रेस में दो गुट बन गए हैं। पहला जाट का और दूसरा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर का। धीरज गुर्जर का पूरा समर्थन पूर्व जिला परिषद सदस्य व वर्तमान मांडल क्रय विक्रय सहकारी समिति चेयरमैन दुर्गपाल सिंह को है। वहीं पूर्व मंत्री व देहात जिलाध्यक्ष रामलाल जाट पूर्व प्रधान कैलाश मीणा के पक्षधर बताए जा रहे। पूर्व बीज निगम अध्यक्ष गुर्जर के खेमे से 9 जिला परिषद सदस्य जीतना बताया जा रहा। वे अपने इन सदस्यों के दम पर अपनी चाल चल रहे हैं। वहीं शेष 22 सदस्य जाट के समर्थक होने की चर्चा है। हालांकि संगठन से जुड़े लोगों का कहना है कि सभी जीते 31 सदस्य कांग्रेस के हैं।

कांग्रेस की ओर से जिला प्रमुख का प्रत्याशी किसे घोषित किया जाए, इस पर विचार करने के लिए आज शाम भीलवाड़ा में वरिष्ठ नेताओं की बैठक होगी। इसमें जाट, गुर्जर सहित वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी होगी। इसमें चुनाव प्रभारी डॉ.रघु शर्मा भी आ सकते हैं। इसी के बाद एक नाम पर राय बन सकती है। आज रात तक जिला प्रमुख प्रत्याशी का नाम घोषित हो सकता है। ऐसी चर्चा भी है कि जाट-गुर्जर के अपने-अपने चहेते मीणा व दुर्गपाल सिंह के नामों पर अड़े रहने पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत व पूर्व मंत्री डॉ.रघु शर्मा के करीबी बताए जाने वाले सत्यप्रकाश डीडवानियां की लॉटरी खुल सकती है।



बाड़ाबंदी में कांग्रेस-भाजपा सदस्य

अपने-अपने प्रत्याशियों को क्रॉस वोटिंग से बचाने के लिए भाजपा-कांग्रेस उन्हें बाड़ाबंदी में ले गई है। कांग्रेस के दोनों दिग्गज नेता रामलाल जाट व धीरज गुर्जर अपने-अपने जिला परिषद मेंबर को अपने हिसाब से बाड़ाबंदी में रखे हैं। वहीं 14 सीटें जीतने वाली भाजपा भी अपने जिला परिषद सदस्यों को एकजुट रखे हैं। हालांकि भाजपा के पास बहुमत नहीं है। फिर भी पार्टी की नजर कांग्रेस पर है। भाजपा के जिला परिषद सदस्य आज गुजरात में थे। दोनों दलों के सदस्यों को कल सुबह वोटिंग के समय ही यहां लाया जाएगा। जिला प्रमुख के लिए मतदान के बाद फिर आगे की रणनीति तय होगी। इसी के बाद उप जिला प्रमुख चुनाव के दावेदारों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

उप जिला प्रमुख चुनाव 26 को

जिला परिषद उप प्रमुख पद के चुनाव 26 नवंबर को होंगे। गुरुवार को बैठक प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगी। नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत करने का समय प्रातः 11 बजे तक रहेगा। प्राप्त नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा प्रातः 11: 30 बजे की जाएगी। नामांकन वापस लेने का समय अपराह्न 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान दोपहर 3 बजे से 5 बजे के मध्य करवाया जाएगा। इसके तुरंत बाद मतगणना होगी।

जिला परिषद की बैठक कल सुबह 10 बजे, फिर नामांकन

जिला परिषद के प्रमुख पद के निर्वाचन के लिए संबंधित निर्वाचित सदस्यों की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के फर्स्ट फ्लोर स्थित सभागार में आयोजित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने बताया कि बुधवार सुबह 10 बजे निर्वाचित सदस्यों की बैठक होगी। चुनाव लड़ने के इच्छुक सदस्य नाम निर्देशन-पत्र प्रातः 11 बजे तक प्रस्तुत कर सकेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा प्रातः 11:30 बजे की जाएगी। नाम निर्देशन-पत्र दोपहर 1 बजे तक वापस लिए जा सकेंगे। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक करवाया जाएगा। इसके तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी संधू ने सभी जिला परिषद सदस्यों को निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होकर निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।



फूलों व रोशनी से दमका दरबार: सिंघुनगर गुरुद्वारा साहिब में गूंजे गुरुवाणी के स्वर

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानक देव का 557वां प्रकाश पर्व मंगलवार को सिंधुनगर स्थित गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उत्सव को लेकर दरबार साहिब को फूलों व आकर्षक रोशनी से सजाया गया है और परिसर में खुले पांडाल तैयार किए गए हैं। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सोनी व सचिव ऋषिपाल सिंह के अनुसार पर्व की पूर्व संध्या पर सोमवार को महिलाओं व बच्चों ने लंगर की तैयारियों में सेवा दी तथा गुरमत प्रतियोगिता में 30 बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। मुख्य आयोजन के तहत मंगलवार सुबह 5.30 बजे कीर्तन दीवान व लंगर सेवा का शुभारंभ हुआ। इसके बाद सुबह 8.30 बजे श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति, अरदास व अल्पाहार तथा सुबह 10 बजे दूसरा कीर्तन दीवान सजा, जिसमें दिल्ली से आए पंथ प्रसिद्ध रागी जत्था भाई बलहार सिंह, ज्ञानी करनैल सिंह व सुखबीर सिंह ने संगत को गुरुवाणी कीर्तन से निहाल किया। दोपहर 1.30 बजे सामूहिक अरदास के उपरांत सर्व समाज के लिए अटूट लंगर बरता गया। रात 7.30 से 9.30 बजे तक विशेष कीर्तन दीवान होगा।





सरपंच चुनाव में मिली हार तो समाज ने दिए 3 लाख, किया सम्मानित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

हाल ही हुए पंचायती राज चुनावों में ग्राम समोड़ी निवासी जगदीश चंद्र रेगर ने नव सृजित ग्राम पंचायत कोटड़ी से सरपंच पद पर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में उन्होंने 905 वोट हासिल किए और मुकाबले में दूसरे स्थान पर रहे। जगदीश चंद्र रेगर की साफ-सुथरी छवि और समाज के प्रति उनके समर्पण भाव को देखते हुए रेगर समाज के साथियों ने उन्हें आर्थिक सहयोग देने का निर्णय लिया।

समाज के सभी लोगों ने मिलकर तीन लाख पांच हजार एक सौ रुपए की सहयोग राशि एकत्र की और उन्हें प्रदान की। इस दौरान नवनिर्वाचित वार्ड पंच तोलाराम रेगर, श्री बाबा रामदेव सेवा समिति के संरक्षक चन्द्रलाल, अध्यक्ष लादू लाल, सचिव प्रेम कुमार, कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र सहित समिति के सभी कार्यकारिणी सदस्य और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समाज के इस कदम से जनसेवा और सामाजिक एकजुटता का एक बेहतरीन उदाहरण देखने को मिला है।



100 फीट रोड पर मोड़ के पास खाखले से भरा ट्रक पलटा



जेसीबी की मदद से बिखरे खाखले को समेटने और मार्ग को सुचारू करने की कार्रवाई की

भीलवाड़ा। प्रतापनगर थाना क्षेत्र के 100 फीट रोड पर राजस्थान टेंट हाउस के पास मोड़ पर खाखले से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के दौरान सड़क के डिवाइडर और किनारे के हिस्से में ट्रक के पलटने से खाखला सड़क व आसपास के क्षेत्र में बिखर गया। गनीमत रही कि हादसे के समय पास से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों और राहगीरों को कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और राहगीरों की आवाजाही के बीच स्थिति को संभालने के प्रयास शुरू किए गए। मौके पर जेसीबी मशीन की मदद से बिखरे खाखले को समेटने और मार्ग को सुचारू करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान एक अन्य ट्रक भी मौके पर नजर आया, जिससे सामान शिफ्ट करने या आगे की व्यवस्था को लेकर कामकाज चलता दिखा। सड़क किनारे पलटे वाहन और बिखरे सामान के चलते कुछ समय के लिए मार्ग पर सतर्कता के साथ आवागमन हुआ। स्थानीय लोगों व मौके पर मौजूद लोगों ने स्थिति को संभालने में सहयोग किया। प्रतापनगर थाना क्षेत्र में व्यस्त रहने वाले इस मार्ग पर मोड़ के पास हुए हादसे को लेकर आसपास के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए और घटनाक्रम की जानकारी लेते रहे। जेसीबी से माल हटाने और सड़क की स्थिति सामान्य करने के प्रयासों के साथ राहत व सफाई का काम जारी रहा।


















न्यूज इन बाक्स



सैनिकों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्यः माली

भीलवाड़ा। स्व. कमला देवी आचार्य चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भूतपूर्व सैनिकों का दीपावली स्नेह मिलन समारोह देव छाया विहार स्थित यूनेस्को टेंपल परिसर में



आयोजित किया गया। सभी पूर्व सैनिकों का अपर्णा पहनाकर स्वागत और सम्मान किया। साथ ही देश की सेवा में उनके त्याग, समर्पण व योगदान को भी याद किया। समारोह में बतौर अतिथि स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने भूतपूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों का सम्मान करना सभी का कर्तव्य है। सैनिक अपने परिवार और सुख सुविधाओं को छोड़कर देश की सुरक्षा में दिन-रात तैनात रहते हैं। उनके त्याग और वीरता के कारण ही देशवासी सुरक्षित वातावरण में रहते हैं। पूर्व सैनिक राजेश आचार्य व वुशू संघ के अध्यक्ष एडवोकेट गौरव आचार्य का भूतपूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड व भूतपूर्व सैनिक परिषद संघ की ओर से साफा व माला पहनकर उनका अभिनंदन किया गया। समारोह में एनसीसी कमांडर शैलेंद्र सिंह राठौड़, अखिल भारतीय आचार्य ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकिशन आचार्य, जिला परिषद से दिनेशचंद्र चौधरी, कमांडो हॉर्स राइडर नैना सिंह, भूतपूर्व सैनिक परिषद के अध्यक्ष सरवन सिंह गुर्जर, भूतपूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष कर्नल रक्षपाल सिंह, महासचिव कैलाश जीनगर, उपाध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, सत्येंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष घनश्याम गोस्वामी, नरपत सिंह राठौड़ आदि उपस्थित थे।

नामदेव सर्कल और मूर्ति स्थापना की छीपा समाज ने मेयर से की मांग

भीलवाड़ा। नगर निगम वार्ड 20 के पार्षद नीरज मोनू छीपा अध्यक्ष मेवाड़ महासभा के नेतृत्व में छीपा समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने मेयर जसवंत कंवर से मुलाकात



की। उन्होंने आजाद नगर में रामधाम के पीछे नामदेव छात्रावास भवन के पास नामदेव सर्कल का निर्माण कराकर सन्त शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज की मूर्ति स्थापित करने की मांग रखी गई। मेयर ने शीघ्र ही इस पर कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया। महामंत्री सतीश सरावगी ने बताया कि प्रतिनिधि मण्डल में मेवाड़ सभा के मुख्य संरक्षक और हितकारिणी संस्थान के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र गंगवाल, उपाध्यक्ष रामगोपाल डिग्गीवाल, सहमंत्री प्रमोद अमरवाल, सलाहकार महावीर प्रसाद धनोपिया, संगठन मंत्री अनिल गंगवाल और एडवोकेट आदित्य जाजपुरा सम्मिलित थे।

पीएमश्री बापूनगर स्कूल में उतरी असम की लोक संस्कृति

भीलवाड़ा। पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बापू नगर में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत असम राज्य दिवस समारोह आयोजित



किया गया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुनीता नानकानी ने की। ईबीएसबी प्रभारी सुनीता जोशी द्वारा विभिन्न कार्य मों का आयोजन करवाया गया। छात्राओं खुशबू सुथार और टीम द्वारा असम की परंपराओं पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। अनन्या पारीक और साथी बालिकाओं द्वारा असमिया लोकगीत प्रस्तुत किया गया। विविधता में एकता थीम पर आधारित अलग-अलग राज्यों को दर्शाती हुई विविध वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें खुशबू और कोमल प्रथम रही। गृह विज्ञान की छात्राओं द्वारा असमिया भोजन भी बनाया गया। निर्णायक व्याख्याता विशाल निमावत, रेणु और स्नेहलता सनाढ्य उपस्थित रहे।

सावर जागृति मंच द्वारा प्रतिभाओं व भामाशाहों का सम्मान

भीलवाड़ा। सावर जागृति मंच का दीपावली स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह 2026 संतोषी माता मंदिर परिसर पुलिस लाइन में मंच संरक्षक जयनारायण बंग



की अध्यक्षता, सेवानिवृत उदयपुर कोषाधिकारी हेमन्त छाजेड़ के मुख्य आतिथ्य और मंच अध्यक्ष कैलाश चन्द्र तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं ईश वंदना से शुरू हुए कार्य म में सभी मंचासीन अतिथियों का तिलक, माला, ऊपरना और मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। मीडिया प्रभारी चन्द्र प्रकाश अमरवाल ने बताया कि 5 से 16 वर्ष तक के नन्हे -मुन्ने बालक-बालिकाओं ने देश भक्ति एवं लोक संस्कृति से संबंधित गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में प्रस्तुतियों के लिए मंच द्वारा सभी को पुरस्कार प्रदान किये गए। 80 एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के सावर निवासी वरिष्ठजन वर्ग में भवानी शंकर मिश्रा, गिलाराम माली, राज्य स्तर पर सम्मानित सुवाणा 132 केवी ग्रिड के एईएन अमरेश शर्मा, मैकेनिकल इंजिनियर बने निशान्त अमरवाल, आरबीएसई अंग्रेजी माध्यम की 12वीं परीक्षा 95.8 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होने पर आयुषी मंत्री, भामाशाह मंच उपाध्यक्ष केदार मल माहेश्वरी, छीतरमल डांगरीवाल, सुरेश चन्द्र राव, भंवर प्रजापत, मंच सचिव रूप चन्द पहाड़िया और मीडिया प्रभारी चन्द्र प्रकाश अमरवाल का सम्मान किया गया। मंच अध्यक्ष कैलाश चन्द्र तिवारी ने मंच द्वारा जनहित में भीलवाड़ा, सावर और जयपुर में किये जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दी। संचालन राष्ट्रीय कवि ओमप्रकाश तिवाड़ी ने किया। मंच उपाध्यक्ष केदारमल माहेश्वरी ने सभी का आभार जताया।

जिले के 137 दुर्घटना संभावित स्थानों का चयन, वहां लगेंगे बैनर-पोस्टर

भीलवाड़ा। जिले के 137 दुर्घटना संभावित स्थलों का चयन किया गया। इन पर बैनर या पोस्टर लगाए जाएंगे, ताकि लोग जागरुक रहें और एक्सीडेंट कम किए जा सके। यह निर्देश जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने अधिकारियों को दिए। बैठक में सेव लाइफ फाउण्डेशन नई दिल्ली के सदस्य गौतम पठारे द्वारा इस जिले में जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के अन्तर्गत कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिले में होने वाली दुर्घटनाओं, जिले के 137 दुर्घटना संभावित स्थलों का चयन किया गया। कलेक्टर ने इन स्थलों पर दुर्घटनाओं के रोकने के लिए सभी सम्बन्धित विभागों की गठित कमेटी के साथ संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। ई-डार पोर्टल पर एक्सीडेंट आंकड़ों का समय-समय पर अद्यतन करने, सर्विस सड़क से मुख्य सड़क पर आने वाले ट्रैफिक की दुर्घटना, सभी विभागों के प्रभारी अधिकारियों को नियुक्त करने,संयुक्त निरीक्षण की 15 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करने, कैलेण्डर तैयार करने, मार्गदर्शक पोर्टल पर सही आंकड़ों का अद्यतन करने सम्बन्धी जानकारियां दी गई। सड़क सुरक्षा मित्र योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक सड़क सुरक्षा मित्रों का पंजीयन कराने को कहा। कलेक्टर ने पीएम राहत योजना, गुड समेरिटन के तहत अधिक प्रचार-प्रसार करने, जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित 23 ब्लैक स्पॉट, शहरी क्षेत्र के 9 ब्लैक स्पॉट पर स्थाई सुधारीकरण करने एवं सेव लाइफ फाउण्डेशन द्वारा दी गई जानकारियों के अनुसार दुर्घटना स्थलों पर आवश्यक सुधारीकरण कार्य करने के निर्देश दिए गये।

भीलवाड़ा वीमेंस प्रीमियर लीग 29 से

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में 29 नवंबर से न्यू लुक सेंट्रल स्कूल ग्राउंड पर तृतीय भीलवाड़ा वूमेंस प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा। आयोजन सचिव किशोर केवल रमानी ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी मैच लीग पद्धति के आधार पर 20-20 ओवर के कलर ड्रेस एवं व्हाइट लेदर बॉल से खेले जाएंगे। विजेता टीम को 11 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा सभी खिलाड़ियों को कलर शर्ट दी जाएगी। प्रतियोगिता में चार टीमें जिसमें चेस द स्पोर्ट्स अजमेर, टेन स्क्वायर विमेंस अकादमी आसींद, टाइगर अकादमी गुलाबपुरा व महर्षि गौतम क्रिकेट अकेडमी भीलवाड़ा भाग लेगी।

लोन पर रजिस्ट्रेशन फीस और स्टाम्प ड्यूटी घटाए सरकार

विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने प्रदेश के गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को वित्तीय राहत प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर वित्तीय संस्थाओं से ऋण पर लगने वाली रजिस्ट्रेशन फीस में संशोधन करने की मांग की है। उन्होंने वित्त विभाग (कर अनुभाग) की 11 फरवरी 2026 की अधिसूचना में निर्धारित पंजीयन शुल्क पर पुनर्विचार कर इसे स्टाम्प ड्यूटी के समान करने का आग्रह किया है। विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि राज्य सरकार के वित्त विभाग की 10 जुलाई 2024 की अधिसूचना के अनुसार सारिणी की स्तंभ संख्या 2में वर्णित लिखतों पर अनुसूची के क्रमांक 3 में ऋण संबंधी पंजीयन शुल्क की दरें निर्धारित थीं। ऋण पर निर्धारित प्रावधानों के अनुसार एक प्रतिशत रजिस्ट्रेशन फीस तय की गई थी, जिसमें अधिकतम शुल्क 25 हजार रुपये था।

उन्होंने बताया कि 11 फरवरी 2026 को जारी नई अधिसूचना में अनुसूची संख्या-2 के क्रम संख्या-4 में एक लाख रुपये तक के ऋण पर 0.50 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन फीस निर्धारित की गई है, जबकि इस पर देय स्टाम्प ड्यूटी 0.25 प्रतिशत है। इस प्रकार रजिस्ट्रेशन फीस स्टाम्प ड्यूटी से भी अधिक होने के कारण गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों के लिए वित्तीय संस्थानों से ऋण लेना महंगा हो गया है। कोठारी ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था के कारण आमजन को मकान निर्माण, कृषि कार्य, भूमि सुधार, छोटे-मोटे कारोबार एवं अन्य आवश्यकताओं के लिए ऋण लेने में अतिरिक्त आर्थिक भार उठाना पड़ रहा है। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए यह शुल्क परेशानी का कारण बन रहा है।

विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए 11 फरवरी 2026 की अधिसूचना की अनुसूची संख्या-2 के क्रम संख्या-4 में संशोधन कर रजिस्ट्रेशन फीस की अधिकतम सीमा 25 हजार रुपये निर्धारित की जाए तथा ऋण राशि पर लगने वाली रजिस्ट्रेशन फीस को वर्तमान 0.50 प्रतिशत से घटाकर 0.25 प्रतिशत किया जाए, ताकि यह देय स्टाम्प ड्यूटी के बराबर हो सके। कोठारी ने विश्वास जताया कि राज्य सरकार इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लेकर गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवारों को राहत प्रदान करेगी।

पांडु नाले पर पुलिया निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश



विधायक कोठारी ने देखा 100 फीट रोड निर्माण, गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश

भीलवाड़ा। शहर के यातायात को सुगम बनाने और शहरी आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के उद्देश्य से प्रस्तावित पुलिस लाइन से जोधड़ास तक 100 फीट सड़क निर्माण कार्यों का विधायक अशोक कुमार कोठारी ने यूआईटी एवं अजमेर विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। विधायक कोठारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। निर्माण कार्य के दौरान मार्ग में आने वाले सभी अवरोधों का संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र निस्तारण किया जाए, ताकि परियोजना में अनावश्यक विलंब नहीं हो।

कोठारी ने पुलिस लाइन के समीप निर्माणाधीन नाले, दीवार एवं सड़क निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता एवं तकनीकी पहलुओं की जांच करते हुए अधिकारियों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कोठारी ने पांडु नाले पर पुलिया निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को इसके लिए तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए, ताकि भविष्य में आवागमन में सुविधा हो और क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। विधायक कोठारी ने कहा कि प्रस्तावित 100 फीट सड़क शहर के विकास और यातायात व्यवस्था को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण साबित होगी। इसके निर्माण में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान कर कार्य को समय पर पूरा करवाया जाएगा।

इस दौरान यूआईटी ओएसडी पुनीत गेलड़ा, एक्सईएन रामप्रसाद जाट, जेईएन रामेश्वर गुर्जर, एईएन गोपाल धाकड़, एईएन (विद्युत) करण सिंह, एवीवीएनएल के एईएन नीरज शर्मा, अर्पित कोठारी, निजी सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़, संजय राठी, केदार जागेटिया, राघव आचार्य, विकास शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि बादल सिंह, गोरधन सिंह कटार, राधेश्याम भड़ाना, अजय पाराशर, महेंद्र प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

सुभाषनगर में सीए छात्रा की मौत का मामलाः लवकुश मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



सुभाषनगर स्थित लवकुश मेडिकल स्टोर पर कथित तौर पर गलत इंजेक्शन लगाने से सीए छात्रा प्राची मेहता की मौत के मामले में औषधि नियंत्रण विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्म का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक महेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। पूर्व में स्वास्थ्य महकमे एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर जांच की थी और लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। आदेश के अनुसार सुभाषनगर के राजकीय चिकित्सालय के पास प्लॉट संख्या 94/ए स्थित फर्म मैसर्स लवकुश मेडिकल स्टोर को जारी खुदरा औषधि लाइसेंस (डीएल नंबर 4574-4575, जो 3 अक्टूबर 2027 तक वैध थे) को 23 नवंबर 2026 से निरस्त कर दिया गया है. जांच के दौरान फर्म संचालक व रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट रामप्रसाद शर्मा अनुपस्थित मिले थे, वहीं जांच रिपोर्ट में एनडीपीएस श्रेणी व शेड्यूल एच-1 की दवाओं व इंजेक्शनों के बिक्री बिल जारी नहीं कर अवैध रूप से बेचान करने, खरीद किए गए इंजेक्शनों का अवैध चिकित्सा अभ्यास में उपयोग करने तथा शेड्यूल एच-1 रजिस्टर उपलब्ध नहीं होने जैसी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। साथ ही दुकान में अवैध चिकित्सा अभ्यास के लिए दो बेड लगे मिलने, एक्सपायरी दवाओं के लिए अलग रैक न होने और पशुओं की दवाएं कॉस्मेटिक व मानव उपयोग की दवाओं के साथ रखी मिलने की भी पुष्टि हुई है। इससे पूर्व भी फर्म का लाइसेंस 15 दिन के लिए निलंबित किया जा चुका था। विभाग ने संचालक रामप्रसाद शर्मा को सात दिन में मूल लाइसेंस की प्रतियां कार्यालय में समर्पित करने, शेष दवाओं के स्टॉक की सूची प्रस्तुत करने तथा नियम 66ए के तहत स्टॉक का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं, जबकि स्पष्ट किया गया है कि यदि 23 नवंबर के बाद औषधि व्यवसाय करतापाया गया तो सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि 11 नवंबर की शाम बुखार आने पर प्राची मेहता को इंजेक्शन लगाया गया था और 14 नवंबर को उदयपुर में इलाज के दौरान उनकी मौत के बाद परिजनों व क्षेत्रवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया था।

इनका कहना है...



लवकुश मेडिकल स्टोर पर जांच के दौरान गंभीर अनियमितताएं मिलने पर फर्म का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन इस तरह की शिक ायत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कंट्रोल रूम नंबर 01482232643 पर कर सकते है।

– डॉ. चेतेंद्र पुरी गोस्वामी,
सीएमएचओ

जीतो की बैडमिंटन एवं पिकलबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जीतो भीलवाड़ा चैप्टर एवं यूथ विंग के संयुक्त तत्वावधान में बैडमिन्टन एवं पिकलबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुर रोड स्थित ब्रिट्टी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जीतो भीलवाड़ा चैप्टर के चेयरपर्सन डॉ. संपत जैन ने बताया कि विशिष्ट अतिथि राजस्थान बैडमिन्टन संघ की चयन समिति के कैलाश अजमेरा, अन्तरराष्ट्रीय बैडमिन्टन प्लेयर राजेश भदादा, भीलवाड़ा पिकलबॉल के संस्थापक भूपेन्द्र मोगरा, सह संस्थापक अतुल सोमानी रहे। इवेंट कन्वीनर ललित जैन एवं को-कन्वीनर सिद्धार्थ मारू ने बताया कि बैडमिन्टन एवं पिकलबॉल प्रतियोगिता में सिंगल एवं डबल इवेंट में आयु वर्ग के आधार पर अलग-अलग श्रेणियां रखी गई। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। जीतो भीलवाड़ा के चीफ सैकेट्री अंकिन चौधरी ने बताया कि पिकलबॉल स्पर्धा में विभिन्न श्रेणियों में विजता रहे खिलाड़ियों में मेन सिंगल (18 से 36 वर्ष) में संदर्भ जैन, मैन्स डबल में (18 से 36 वर्ष) आदित्य एवं आर्चिल जैन, मैन सिंगल में (36 वर्ष से अधिक) प्रशांत छाजेड़, मैन्स डबल (36 वर्ष से अधिक) में सिद्धार्थ मारू एवं प्रशांत छाजेड़, मिक्स डबल में (18 से 36 वर्ष) प्रथम भण्डारी एवं अचिरा सुराणा शामिल है। बैडमिन्टन स्पर्धा में विभिन्न श्रेणियों में विजता रहे खिलाड़ियों में मेन सिंगल (18 वर्ष से कम) में सिद्धार्थ देशहरा, मेन सिंगल (18 से 36 वर्ष) में ऋषि जैन, मेन सिंगल (36 वर्ष से अधिक) में संपत जैन, मैन्स डबल में (36 वर्ष से अधिक) आनंद एवं संजीव जैन, मिक्स डबल (36 वर्ष से अधिक) संजीव जैन एवं पूजा जैन, वुमेन सिंगल (18 से 36 वर्ष) में अचिरा सुराणा, वुमन सिंगल (31 वर्ष से अधिक) में रोमा जैन, मेन डबल (31 वर्ष से अधिक) में नमन जैन एवं सौरभ, वुमेन डबल में (31 वर्ष से अधिक) में रोमा एवं पूजा तथा मिक्स डबल (18-36 वर्ष) में तिजिल जैन एवं भव्य जैन शामिल है।



नौगांवा में हरिहर स्वरूप में सजे सांवरिया सेठ, शिव-विष्णु की एकात्मता के हुए दर्शन

भीलवाड़ा। वैकुंठ चतुर्दशी के पावन अवसर पर क्षेत्र के श्री सांवरिया सेठ मंदिर में भगवान का अद्भुत हरिहर श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भगवान शिव और भगवान विष्णु की एकात्मता का जीवंत दर्शन कराया। विशेष श्रृंगार के तहत विग्रह के दाएं हिस्से को अर्ध-शिव स्वरूप में सजाया गया, जिसमें मस्तक पर भस्म व अर्धचंद्र के साथ विशाल जटाजूट, गले में रुद्राक्ष की माला, शरीर पर बाघंबर और हाथों में त्रिशूल व डमरू सुशोभित किया गया। वहीं, बाएं हिस्से को अर्ध-विष्णु स्वरूप में सांवरिया सेठ के मनमोहक नीलवर्ण रूप में निखारा गया, जिसमें स्वर्ण मुकुट, वैष्णव तिलक, पीतांबर व रंग-बिरंगे रेशमी वस्त्रों के साथ हाथों में शंख और कमल का पुष्प धारण कराया गया।



मंदिर ट्रस्ट सचिव कैलाश डाड ने बताया कि यह दिव्य श्रृंगार इस आध्यात्मिक संदेश को भी उजागर करता है कि सृष्टि के पालनहार श्रीहरि और महादेव दो अलग शक्तियां नहीं, बल्कि एक ही परम सत्ता के दो स्वरूप हैं। इस मनमोहक स्वरूप के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्मलाभ लिया।

वरिष्ठ नागरिक मंच का स्वर संगम आयोजित, सदाबहार गीतों से सजी शाम

भीलवाड़ा। वरिष्ठ नागरिक मंच का इस माह का स्वर संगम कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिक भवन में आयोजित किया गया। अध्यक्ष मदन खटोड़ ने बताया कि कार्यक्रम प्रभारी कृष्ण गोपाल सोमानी एवं सूरज सक्सेना के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में सदस्यों ने एक से बढ़कर एक सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मंजू सोमानी ने आ लौट के आजा मेरे मीत शिवदयाल अग्रवाल ने ये शाम मस्तानी, गिरिधर गोपाल जोशी ने मैं शायर तो नहीं , आर. के. वर्मा ने बहारों फूल बरसाओ तथा पवन अग्रवाल ने ओ साथी रे तेरे बिना भी क्या जीना गीत सुनाकर समां बांध दिया।

इसके साथ ही विष्णु लढ़ा ने गैर फिल्मी गीत, कृष्ण गोपाल सोमानी ने संसार है एक नदिया, मंजुलता भट्ट ने अंखियों के झरोखों से, सूरज सक्सेना ने रिमझिम गिरे सावन, विजय भारती कपूर ने जब दीप जले आना, वर्षा कपूर ने लग जा गले कि फिर ये, राकेश सक्सेना ने एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल और उषा सक्सेना ने मौसम है आशिकाना की शानदार प्रस्तुति दी। इसी क्रम में अरुण आचार्य ने मुबारक हो सबको समां ये सुहाना, प्रमोद कुमार तोषनीवाल ने नीले गगन के तले, योगेंद्र सक्सेना ने हमदम मेरे मान भी जाओ, कुमुद सक्सेना ने मस्ती भरा है समां, सुनील दाधीच ने लाखों हैं निगाहों में, सोहन लाल शर्मा ने हरी हो शाख कलियों, वीणा खरबंदा ने बनवारी रे, कविता चौधरी ने पंजाबी गीत, कृष्णा माहेश्वरी ने जोगी हम तो लुट गए तेरे प्यार में, उमा शंकर शर्मा ने तेरे पूजन को भगवान तथा रमेश चंद्र उपाध्याय ने चांदी जैसा रंग है तेरा गीत गाकर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। अंत में वक्ताओं ने कहा कि स्वर संगम कार्यक्रम संगीत, सुर और आनंद का अनूठा संगम है, जिसमें वरिष्ठ नागरिक अपनी उम्र को भूलकर उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लेते हैं।





खेत में अवैध रेत खनन रोकने पर खूनी संघर्ष रात में 25-30 लोगों ने घर पर बोला धावा

देर रात तक घर के बाहर जमे रहे हमलावर

पीड़ित दंपती ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

भीलवाड़ा। खेत में हो रहे कथित अवैध रेत खनन का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। विरोध के बाद शुरू हुआ विवाद देर शाम घर पर हमले तक पहुंच गया। आरोप है कि करीब 25 से 30 लोग दीवार फांदकर घर में घुस आए और परिवार पर हमला कर दिया।

हमलावरों ने महिला और बच्चों के साथ मारपीट की, जिसमें पीड़ित की पत्नी का हाथ टूट गया। आरोप है कि हमलावर देर रात तक घर के बाहर जमे रहे और परिवार दहशत में रहा। पीड़ित का आरोप है कि वह लगातार पुलिस और कंट्रोल रूम को फोन कर मदद मांगता रहा, लेकिन कोई सहायता नहीं मिली। मामले में सोमवार को पीड़ित दंपती पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और एसपी को परिवाद सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

फूलियाकलां थाना क्षेत्र के बड़ला गांव निवासी शंभूलाल मीणा ने परिवाद में बताया कि 22 नवंबर की शाम करीब चार बजे वह अपने खेत पर गया था। वहां कुछ लोग खेत के ढावे पर कथित रूप से अवैध रेत खनन कर रहे थे। इससे खेत का कटाव हो रहा था।



दीवार फांदकर घर में घुसे, पत्नी और बच्चों से मारपीट

परिवाद के अनुसार, शंभूलाल के थाने जाने के बाद शाम करीब 6 से 7 बजे ओमप्रकाश और गोविंद सहित नामजद आरोपियों तथा अन्य लोगों ने एकराय होकर उसके घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि करीब 25 से 30 लोग घर की दीवार फांदकर अंदर घुस गए और पत्नी व बच्चों के साथ मारपीट तथा तोड़फोड़ की। इस दौरान उसकी पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे उसका हाथ टूट गया। बच्चों के साथ भी मारपीट करने का आरोप लगाया गया है।

रातभर दहशत में रहा परिवार, फोन करते रहे लेकिन नहीं मिली मदद

पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने रात करीब दो बजे तक घर के आसपास हंगामा किया और घर के बाहर जमे रहे। इस दौरान परिवार के सदस्य भयभीत रहे। उसका बच्चा लगातार 100 और 112 नंबर पर फोन कर पुलिस से मदद मांगता रहा। पीड़ित का कहना है कि उसने भी पुलिस और कंट्रोल रूम को कई बार फोन किया, लेकिन मौके पर कोई सहायता नहीं पहुंची। फूलियाकलां थाने में फोन करने पर कथित तौर पर उसे बताया गया कि सरपंच से बात हो गई है । पीड़ित ने घटना के वीडियो फुटेज, पुलिस अधिकारियों के साथ हुई बातचीत की कॉल डिटेल और वॉयस रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध कराए है।

सरपंच चुनाव की रंजिश का भी लगाया आरोप

शंभूलाल ने पूरे घटना म के पीछे गांव की चुनावी रंजिश होने की आशंका जताई है। उसका कहना है कि उसने हाल ही में सरपंच का चुनाव लड़ा था, जिसके बाद से वर्तमान सरपंच और कुछ लोगों की उससे रंजिश चल रही है। इसी के चलते आरोपियों ने एकराय होकर उसके परिवार पर हमला किया। पीड़ित ने एसपी से नामजद आरोपियों और उनके साथ आए अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी करने, परिवार को सुरक्षा देने तथा फूलियाकलां थाना पुलिस की भूमिका की जांच कराने की मांग की है।

शंभूलाल ने अपनी जमीन बताते हुए खनन बंद करने के लिए कहा तो विवाद हो गया। आरोप है कि इसके बाद खनन कर रहे लोगों ने ओमप्रकाश मीणा सहित अन्य को फोन कर मौके पर बुला लिया। कुछ देर बाद पहुंचे लोगों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित का कहना है कि वह घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने फूलियाकलां थाने चला गया, लेकिन इसी दौरान पीछे से विवाद ने और गंभीर रूप ले लिया।

जिला स्तरीय बोर्ड सृजनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित



विजेताओं को मिलेगा राज्य स्तर पर अवसर

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सृजनात्मक प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापूनगर में किया गया।

संस्था प्रधान सुनीता नानकानी ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के सभी ब्लॉकों से चयनित प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता एकल गान, चित्रकला, निबंध लेखन, आशु भाषण एवं क्रिज विधाओं में आयोजित की गई। एकल गान प्रतियोगिता में प्रथम मुस्कान बारेठ, द्वितीय भाग्य श्री, तृतीय विष्णु शर्मा, चित्रकला में प्रथम शिफा खान, द्वितीय जान्हवी जंगम, तृतीय अनुष्का, निबंध लेखन में प्रथम रीना धाकड़, द्वितीय नारायण रैगर, तृतीय रीना शर्मा, आशु भाषण में प्रथम कंचन शर्मा, द्वितीय कोमल माली, तृतीय कोमल कंवर व क्रिज में प्रथम परमेश्वर कुमावत, द्वितीय सुगना तेली व तृतीय चरण सिंह रहे। सभी विजेताओं को नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। ये विजेता दिसम्बर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। निर्णायक मण्डल में राजेन्द्र शर्मा, मंगलेश्वर शर्मा, मुकेश माली, विजयलक्ष्मी वर्मा, संजीव जोशी, दामिनी राज, रेणु शर्मा, जितेन्द्र सोनी एवं शीला राठौड़ रहे। संचालन स्नेहलता सनाढ्य ने किया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्प्लेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा। आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आज का विचार

राजनीति को सीधे सीध मैदान नहीं छोडता, बल्कि अंतिम परिणाम तक प्रयास करता है कि हारी बाजी को भी जीत में बदल दिया जाय।

शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता

दैनिक **लोकजीवन**

सेंध मारी का खेल...

पंचायत चुनावों में जनता ने जनादेश दे दिया जिसे देखकर जीतने और हारने वाले सभी भौचक्के रह गये। क्योंकि जीतने वालों को तो कल्पना ही नहीं थी और न ही उन्होंने ऐसे प्रयास किये कि सत्ता का मुकाबला करते हुए सम्मानजनक स्थिति में भी पहुंच जाय। लेकिन उनके भाग्य का छीका टूटना था सो टूट गया। मोटे अंदाज से यह बात उभरकर आई कि भाजपा की गलतियों का फायदा कांग्रेस को मिल गया। वे कौन सी गलतियां रही जिनकी वजह से भाजपा को हार का सामना करना पड़ा और बैठे बिठाये कांग्रेस के प्रत्याशी जीतते चले गये। वैसे भी यह चुनाव कार्यकर्ताओं के चुनाव है जो पूरी तरह स्थानीय परिस्थिति और प्रभाव से परिणाम देते है। इन चुनावों में न तो कोई बड़ी सभाएं होती है और न ही घर-घर जन सम्पर्क संभव होता है। जबकि हार-जीत की जद ग्राम पंचायत के चुनाव होते है जो दलीय आधार पर नहीं होते जबकि जिप और पं. स. सदस्यों के चुनाव दलीय चिह्न पर होते है। चूंकि सरपंच के एकाधिक प्रत्याशी पार्टी से जुड़े होते हे। जिन्हें स्वतंत्र रखने की बजाय पार्टी अथवा उम्मीदवार किसी एक को अपना घोषित कर देते है तो शेष विरोधी बन जाते है। असल में उनकी मेहनत और सहयोग ही पंचायत समिति और जिला परिषद का आधार बनते है यदि आधार ही दरक गया तो परिणाम सरपंच की जीत हार हार से ही समझ में आ जाते है। कांग्रेस भी तय नहीं कर पा रही है कि किस कारण से उनकी जीत हुई तो भाजपा चकित है कि निकाय चुनावों की सफलता के बाद ऐसा क्या हुआ कि महज 5 जिला परिषदों में ही जीत दर्ज कर पाई।

जीत हार के बाद अब बारी जिला प्रमुख और प्रधान बनाने की है। जिनमें तस्वीर बदलने की कोशिश जारी है। जिला प्रमुख के चुनाव 25 तथा प्रधान के चुनाव 28 नवम्बर को होने है। कांग्रेस 23 जिलों में स्पष्ट बहुमत के साथ आगे है। जबकि भाजपा को केवल 5 जिलों में अपने दम पर बहुमत मिला है। ऐसे में भाजपा ने बहुमत के आंकड़े तक पहुंचने के लिए विपक्षी खेमे में सेंधमारी की रणनीति बनाई है। इसके लिए पार्टी ने संभाग और जिला प्रभारियों के साथ वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतारा है। ऑपरेशन प्रमुख प्रधान के तहत जिन 8 जिलों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला, वहां 44 निर्दलीय और छोटे दलों के जीते सदस्य सत्ता की चाबी बन गये है। भाजपा और कांग्रेस दोनों इन सदस्यों से सम्पर्क साधने में जुटी है। भाजपा की नजर सिर्फ त्रिशंकू जिलों ही नहीं बल्कि चुरू और राजसमन्द जैसे जिलों पर भी जहां जीत हाकर का अंतर कम रहा। पार्टर्म विपक्षी सदस्यों को अपने पाले में लाने की कोशिश कर रही है। वहीं अंतिम फैसला गुप्त मतदान से होगा। आज आवश्यकता इस बात की ह है कि अल्पमत को बहुमत में बदलने की बजाय जनादेश का सम्मान किया जाय। लेकिन राजनीति नैतिकता नहीं जीत में विश्वास करती है।

कड़वी घूंट

-सूरज

सोना नहीं खरीदा तो....

कभी-कभी कोई बात तत्काल तो कड़ीव लगती है या अविश्वसनीय लगती है लेकिन कुछ समय बाद जब उसके अच्छे परिणाम सामने आते है तब लगता है कि ठीक ही सलाह दी गई थी। विशेषकर जिन लोगों ने सलाह पर अमल किया हो लाभ-हानि का आंकलन भी वे ही कर सकते है।

विपरित इसके जिन्होंने सलाह को गंभीरता से नहीं लिया उन पर तो वैसे भी कोई असर नहीं पड़ता। वहीं कुछ लोगों के स्वभाव में होता है कि नेक सलाह दी जाय तब भी उसमें बुराई नजर आती है कि नेक सलाह दी जाय तब भी उसमें बुराई नजर आती है वे सोच भी नहीं सकते कि उस नेक सलाह का थोड़े अन्तराल के बाद सकारात्मक परिणाम भी आएगा। सुपरिणाम आने पर यदि आभार व्यक्त किया जाय तो मानना पड़ेगा कि सलाह पर अमल भी हुआ।

हां सोना 65 लाख रूपये प्रति किलो सस्ता हुआ तो कारोबारी संगइन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद पत्र सौंपा। मोदी का आभार व्यक्त किया कि आपके मशविरे में बबर्बादी से बचाया। मोदी ने मई में गैर जरूरी सोने की खरीद से बचने की अपील की थी। ज्वैलर्स कई महिनों का स्टाफ पहले से खरीद कर रखते है यदि कारोबारी मई में आये भाव पर सोना खरीदते तो आई गिरावअ का भारी नुकसान होता। अब यह आप जानो कि कारोबारियों ने सलाह मानी तो भाव गिरने पर महसूस हुआ कि सोना नहीं खरीद कर बर्बादी से बच गये।

बनेड़ा क्षेत्र की नहरों में सिंचाई के लिए पानी शुरू, किसानों को मिली बड़ी राहत

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

बनेड़ा क्षेत्र की नहरों में सिंचाई के लिए पानी नहीं पहुंचने से परेशान किसानों को आखिरकार बड़ी राहत मिली है। विधायक ने किसानों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका बनेड़ा के उपाध्यक्ष कैलाश माली को मौके पर भेजा। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर किसानों की मांग के अनुरूप नहरों में हाथों-हाथ पानी चालू करवाया।

इससे लंबे समय से सिंचाई के पानी का इंतजार कर रहे किसानों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र की बासा खेड़ा, महुआ खुर्द, खेडलिया एवं लक्ष्मीपुरा माइनर में सिंचाई के लिए पानी नहीं पहुंचने से किसानों की फसलों की पिलाई प्रभावित हो रही थी। समय पर पानी नहीं मिलने से किसानों में नाराजगी बढ़ रही थी। किसानों की इस समस्या को समाजसेवी नारायण गाडरी खेडलिया ने सोमवार को प्रमुखता से उठाया तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर समस्या का समाधान करवाने की पहल की। किसानों की परेशानी की जानकारी विधायक तक पहुंचने पर



उन्होंने बिना देरी किए मामले का संज्ञान लिया और किसानों को राहत दिलाने के उद्देश्य से कैलाश माली को तत्काल मौके पर भेजा। कैलाश माली ने मौके पर पहुंचकर किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना। इसके बाद संबंधित विभाग के एईएन (एईएन) एवं जेईएन (जेईएन) अधिकारियों को मौके पर बुलाकर नहरों में पानी नहीं पहुंचने की समस्या से अवगत करवाया तथा किसानों की मांग के अनुरूप तत्काल पानी चालू करवाने के लिए कार्रवाई करवाई। किसानों की परेशानी को देखते हुए विभागीय अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कोटे पर हाथों-हाथ नहर में पानी शुरू करवाया। नहरों में पानी पहुंचने की सूचना मिलते ही किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। लंबे समय से सिंचाई के लिए पानी का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे खिल उठे। मौके पर पहुंचे विभागीय अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि सभी किसानों के खेतों की पिलाई समय पर सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही नहरों की जल्द साफ-सफाई करवाने का भरोसा भी दिलाया, ताकि भविष्य में पानी के प्रवाह में किसी प्रकार की रुकावट उत्पन्न नहीं हो और नहरों के अंतिम छोर तक बैठे किसानों को भी पर्याप्त पानी मिल सके।

सारस्वत ब्राह्मण समाज के अन्नकूट महोत्सव में प्रतिभाएं सम्मानित



लोकजीवन न्यूज सर्विस, कोटा

सारस्वत ब्राह्मण हितकारी समिति एवं सारस्वत ब्राह्मण महिला विकास समिति की ओर से सारस्वत ब्राह्मण समाज बंधुओं का अन्नकूट एवं दीपावली मिलन समारोह बड़ी समाध क्षेत्र में आयोजित किया गया।

अध्यक्ष मुकेश सारस्वत ने बताया कि चम्बल नदी किनारे स्थित स्थल पर हुए समारोह की शुरूआत भगवान श्री चतुर्भुज नाथ जी की आरती के साथ हुई। ज्योतिषाचार्य पं.प्रदीप जोशी की अगुआई में चम्बल माता की आरती की गई। सदस्यों ने महाआरती में भाग लिया। सभी ने भक्ति गीत गाए। सारस्वत ब्राह्मण महिला विकास समिति की ओर से ग्राम करनाहेड़ा की नवनिर्वाचित सरपंच अर्चना सारस्वत एवं जयपुर की विख्यात शल्य चिकित्सक डॉ.सुनिता ओझा का सम्मान किया गया। जयपुर, कोटा, बारां, केशवरायपाटन, पादरा, बून्दी सकल समाज परिवार का आयोजन में सानिध्य प्राप्त हुआ।

अध्यक्ष मुकेश सारस्वत ने कहा कि समाज का यह कार्यक्रम पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त रखा गया। किसी तरह के डिस्पोजल काम में नहीं लिए गए। महिलाओं व गृहणियों से भी आग्रह किया गया कि वे भी बाजार से सामान खरीदते समय कपड़े के थैलों का उपयोग करें।

बाड़ी माताजी धाम पर प्रवेश द्वार का भामाशाह तातेड ने किया उद्घाटन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर

बाड़ी माताजी तीर्थ धाम केसर पुरा मार्ग पर भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण कर समाजसेवी व भामाशाह विमल व विजय तातेड़ ने पारंपरिक रिति रिवाजों से पूजा अर्चना कर फीता काट कर किया।

भामाशाह समाजसेवी लाभार्थी तातेड़ परिवार के सदस्यों ने धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए लाभ उठाया। इस दौरान बाड़ी माताजी तीर्थ धाम की मुख्य सेविका कृष्णा टाक ने तातेड़ परिवार के सभी सदस्यों का उपरणा ओढ़ाकर अभिनंदन किया। इस दौरान बाड़ी माताजी भक्त मंडली के सदस्य व अन्य माता भक्त भी उपस्थित थे। धर्म की रक्षा, संतों की सेवा और कर्तव्य पालन की प्रेरणा देता है श्रीराम का जीवन - संत मुरलीधर



बिजयनगर। भगवान श्री राम का जीवन धर्म की रक्षा, संतों की सेवा और कर्तव्य पालन की प्रेरणा प्रदान करता है। यह उद्गार नौ दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर व्यास पीठ से कथावाचक संत मुरलीधर जी महाराज ने व्यक्त किए। इंद्रा मंच पर आयोजित कथा का शुभारंभ हनुमान चालीसा पाठ के संगीतमय वाचन के साथ हुआ। कथा के दौरान संत मुरलीधर जी महाराज ने रामचरितमानस के विभिन्न दिव्य प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने महर्षि विश्वामित्र के अयोध्या आगमन, राजा दशरथ से राम-लक्ष्मण को मांगने, ताड़का वध और भगवान श्री राम द्वारा विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा करने की कथा सुनाई। इसके साथ ही उन्होंने अहिल्या उद्धार और जनकपुर प्रवेश के प्रसंगों का भी मार्मिक चित्रण किया। इस अवसर पर संकट मोचन हनुमान मंदिर नाड़ी मोहल्ला के पूर्व अध्यक्ष राजेश तिवाड़ी, वर्तमान अध्यक्ष रमेश चंद्र माली, विजय सिंह रासलोत, धीरज सिंह चौहान, मदन गोपाल बाल्दी, महेश पंचायत मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश नवाल, कन्हैयालाल जांगिड़, शिवप्रकाश ओझा, दिनेश नारायण शर्मा, रमेश चंद्र दाधीच और पंडित लक्ष्मण दास जी महाराज सहित बड़ी संख्या में धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

पूर्व सरपंच एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सोमानी का निधन

गांव में छाई शोक की लहर, राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में थी विशिष्ट पहचान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



मांडलगढ़ क्षेत्र के 96 वर्षीय पूर्व सरपंच एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लादूराम सोमानी का सोमवार सायं हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही प गांव में शोक की लहर छा गई। सोमानी के निधन से क्षेत्र ने एक अनुभवी, मिलनसार एवं जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व को खो दिया। लादूराम सोमानी ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में सरपंच पद पर रहते हुए गांव के विकास एवं जनहित के कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूर्व मुख्य मंत्री शिवचरण माथुर के करीबी सोमानी की क्षेत्र में विशेष पहचान थी। वे अपने सरल स्वभाव, हंसमुखी,सामाजिक सरोकारों एवं मिलनसार व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। उनके परिवार में दो पुत्र हैं। बड़े पुत्र एस बी आई से सेवानिवृत्त प्रहलाद राय सोमानी तथा छोटे पुत्र वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षाविद प्रभु लाल सोमानी हैं। सोमानी के निधन पर पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया, विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल,पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह, पूर्व जिला प्रमुख शक्ति सिंह हाड़ा, पूर्व प्रधान कन्हैया लाल जाट,कैलाश मीणा,गोपाल मालवीय, राधा देवी, घनश्याम कंवर, सतीश जोशी, जितेंद्र मूंदड़ा ने शोक प्रकट किया। सोमानी तरह वर्ष बरूंदनी के उप सरपंच एवं एक वर्ष सरपंच रहे। चंवरा का हनुमान जी प्रबंध समिति के संरक्षक भी रहे।

आदि गौड़ सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति का दीपावली स्नेह मिलन समारोह धूमधाम से मनाया




लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर

आदि गौड़ सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति का दीपावली स्नेह मिलन समारोह सामाजिक एकता, विकास व उत्थान पर जोर देते हुए मनोरंजक प्रतियोगिता आयोजित कर उत्साह पूर्वक मनाया गया। प्रणव विरंची माध्यमिक विद्यालय में आयोजित दीपावली। स्नेह मिलन समारोह का शुभारंभ समाजसेवी सत्यनारायण शर्मा रायल्टी बाबू व कार्यक्रम अध्यक्ष प्रेमचंद कटारा व बद्रीनारायण मिश्रा ने भगवान परशुराम चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। भगवान परशुराम जी के जयकारों के साथ उपस्थित सभी समाज बंधुओं को उपरणा ओढ़ाकर दीपावली की बधाई दी। इस दौरान मनोरंजक प्रतियोगिता आयोजित कर लुत्फ उठाया। इस दौरान नंदकिशोर शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, घनश्याम शर्मा, अखलिश्वर शर्मा, अनुज सरिया, सुरेन्द्र शर्मा, नवीन शर्मा, चंद्र शेखर शर्मा, संजय शर्मा, गौरव मिश्रा, नीरज शर्मा, आशीष शर्मा, जयदेव मिश्रा, कुनाल मिश्रा, डा पी के शर्मा, शिव प्रकाश ओझा, प्रणव शर्मा, दीपचंद शर्मा जयदेव मिश्रा सहित अन्य समाज बंधु भी उपस्थित थे।

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर

सिक्ख समाज के आराध्य श्री गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा साहिब जी में धार्मिक कार्यक्रम निशान साहिब जी की सेवा, सहज पाठ साहिब जी, कीर्तन दरबार, सगंत में गुरु महाराज की महिमा का गुणगान एवं अटूट लंगर आयोजित किये गये। ट्रस्ट श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान गुरु भेज सिंह टुटेजा ने बताया कि पटवार घर के पीछे स्थित गुरुद्वारा साहिब जी में गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गये। कार्यक्रम में सर्व समाज के लोग हिस्सा लेकर गुरुद्वारा साहिब जी में मत्था टेक कर अटूट लंगर प्रसाद का लाभ उठाया।



कार्तिक पूर्णिमा पर किया अन्न क्षेत्र का वितरण व निकाली प्रभात फेरी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

हरणी रोड स्मृति वन के समीप स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम पर कार्तिक पूर्णिमा व गुरुनानक जयन्ती के अवसर पर अन्न क्षेत्र का वितरण किया गया व प्रभात फेरी निकाली गई। प्रेमप्रकाश सेवा मंडली के अध्यक्ष परमानंद गुरनानी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा व गुरूनानक जयन्ती के अवसर पर प्रेमप्रकाश आश्रम के राहगीरों व जरूरत मंदो को अन्न क्षेत्र का वितरण कर जल सेवा की गई।

प्रभातफेरी कमुद विहार 3 से प्रारंभ कर प्रेमप्रकाश आश्रम पर सम्पन्न हुई। प्रभातफेरी में हरिनाम संकीर्तन व आचार्य सदगुरू स्वामी टेऊराम महाराज के भजनो का गुणगान किया तथा पूरे मार्ग पर प्रसाद का वितरण किया गया । इस अवसर पर कन्हैयालाल रामवानी, मोहनदास तुलस्यानी, किशोर



गुरनानी राजकुमार गुरनानी, राहुल, मोनू मोरवानी, सुरेश, ताराचंद थूरवानी, रवि धनवानी, प्रतापराय रामचन्दानी, मोहन लुधानी गिरिश गांधी, प्रेमप्रकाश सेवा मंडली व प्रेमपकाश महिला मंडली के सभी सदस्यों ने प्रभातफेरी व सेवा कार्यों में सेवाएं दी।

विवाह समारोह में अनूठी पहल नव दम्पति को भेंट की संविधान की प्रति व बाबा साहब का चित्र



लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

विवाह समारोह के दौरान एक प्रेरणादायक व अनूठी पहल देखने को मिली। नई मुस्कान सेवा संस्थान नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक रामेश्वर पहाडिया के पुत्र अरुण पहाडिया और लक्ष्मी डिडवानिया के परिणय संस्कार में मानपुरा निवासी चन्देरिया परिवार ने नव दम्पति को संविधान की पुस्तक एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भेंट कर समाज के सामने एक मिसाल पेश की।

यह भेंट धनराज चन्देरिया की ओर से प्रदान की गई। इस अवसर पर धनराज चन्देरिया ने नव दम्पति को जीवन की नई पारी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए जीवन की राह में डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलना और संविधान का ज्ञान होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संविधान के कारण ही आज प्रत्येक नागरिक को समानता और स्वतंत्रता के अधिकार मिले हैं। उन्हीं के संघर्ष और संविधान की बदौलत आज हर व्यक्ति को शिक्षा प्राप्त करने, मंदिर में दर्शन करने तथा विवाह में घोड़े पर बैठने जैसे अधिकार प्राप्त हुए हैं, इसलिए हमें उनके विचारों से कभी नहीं भटकना चाहिए। उन्होंने बाबा साहब के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो इसे पिएगा, वही दहाड़ेगा।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और उसके बाद अपने वैवाहिक व पारिवारिक जीवन का निर्वहन करें, क्योंकि शिक्षा से ही परिवार और समाज का सशक्त संचालन संभव है। इस दौरान चन्देरिया परिवार के धनराज चन्देरिया, कंचन देवी, राजेन्द्र कुमार, सुशीला, सुरेन्द्र कुमार, ललिता, निल, हेतल, महिमा, गरिमा और दक्ष चन्देरिया ने उपस्थित रहकर नव दम्पति को आशीर्वाद दिया।

4 बेटियों के सपनों और विपरीत सोच के टकराव के बीच 30 से ज़ी टीवी पर आ रहा है 'शुभ शगुन शहनाइयाँ'

मुम्बई। लखनऊ की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर आधारित ज़ी टीवी का नया फिक्शन शो 'शुभ शगुन शहनाइयाँ' 30 नवंबर, 2026 से सोमवार से शुक्रवार रात 10 बजे प्रसारित होगा।

कहानी भटनागर परिवार की भावनात्मक धुरी सुधा के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जिनका किरदार अनुभवी अभिनेत्री ज्योति मुखर्जी निभा रही हैं। पति रघुनाथ (विश्वनाथ चटर्जी) के साथ मिलकर घर से कैटरिंग का कारोबार चलाने वाली सुधा का



सबसे बड़ा सपना अपनी चारों बेटियों–आराधना, अमूल्या, अंकिता और आयुषी–को खुशहाल, सम्मानजनक जीवन और अच्छे जीवनसाथी मिलते देखना है। वह बेटियों को रिश्तों से बढ़कर आत्मसम्मान की सीख देती हैं। शो में बृंदा दहल अमूल्या की भूमिका में नजर आएँगी, जो हँसमुख, बेबाक और हर मुश्किल का जुगाड़ निकालने वाली आधुनिक सोच की युवती है। वह माँ के घर बने नमकीन-मिठाई के कारोबार को ऑनलाइन बढ़ाने में मदद करती है और परिवार के मान-सम्मान की ढाल बनती है। दूसरी ओर, फहमान खान वेदांत विक्रम सिंह के रूप में ज़ी टीवी पर वापसी कर रहे हैं। अनुशासित और मेहनती कारोबारी वेदांत बाहर से सख्त और जज़्बात छिपाने वाला दिखता है, पर परिवार के बीच उसका संवेदनशील रूप सामने आता है। कारोबार से लेकर ज़िंदगी के हर नजरिये में बिल्कुल अलग अमूल्या और वेदांत की टकरार व केमिस्ट्री कहानी को रोचक बनाती है। मुंबई में आयोजित लॉन्च के दौरान ज्योति मुखर्जी, फहमान खान, बृंदा दहल, विश्वनाथ चटर्जी और स्वाति चिटनिस समेत पूरी स्टार कास्ट ने किरदारों के जज़्बात साझा किए और दर्शकों से शो से जुड़ने की अपील की।

स्कूल के कंप्यूटर कक्ष के ताले चटकाए लाखों के इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण पार

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिले में सर्दी की दस्तक के साथ ही चोरों के हौसले बुलंद होने लगे हैं। बेखौफ बदमाशों ने कोटड़ी थाना क्षेत्र के रीठ गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को निशाना बनाते हुए कंप्यूटर कक्ष से लाखों रुपए कीमत के इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण चुरा लिए।

शनिवार-रविवार की दरमियानी रात हुई इस वारदात ने ग्रामीण इलाकों में पुलिस गश्त और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताले तोड़कर कक्ष में दाखिल हुए चोर कोटड़ी पुलिस के अनुसार, अज्ञात चोर शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि रीठ गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में घुसे। बदमाशों ने कंप्यूटर कक्ष के मुख्य ताले चटकाए और भीतर प्रवेश किया।

कंप्यूटर लैब का कीमती सामान समेटा कक्ष में रखे आठ कंप्यूटर मॉनिटर, सीपीयू, वेब कैमरे और अन्य आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण चोर समेट ले गए। इन उपकरणों के चोरी होने से विद्यालय के विद्यार्थियों की कंप्यूटर शिक्षा बाधित होने का संकट खड़ा हो गया है। सुबह ग्रामीणों को लगी भनक रविवार सुबह जब ग्रामीण स्कूल के पास से गुजरे तो कंप्यूटर कक्ष के ताले टूटे देख उन्हें वारदात का पता चला। ग्रामीणों ने तत्काल स्कूल प्रबंधन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे स्कूल स्टाफ ने सामान संभाला तो कंप्यूटर लैब से कीमती उपकरण गायब मिले। एमओबी टीम ने जुटाए साक्ष्य सूचना मिलते ही कोटड़ी थाना पुलिस और एमओबी (स्क्वॉड) की विशेष टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर फिंगरप्रिंट और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल विद्यालय की प्रधानाध्यापिका की ओर से दी गई रिपोर्ट के आधार पर कोटड़ी पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के संदिग्धों से पूछताछ कर रही है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालते हुए चोरों की सरगर्मी से तलाश में जुटी है।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड बालोतरा

क्रमांकः 3355-64 दिनांकः 18.11.2026

ई-निविदा सूचना संख्या- 14 वर्ष 2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न राजकीय कार्यालयों एवं भवनों में मरम्मत कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवदको के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेंगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व http://sppp.rajasthan. gov.in व http://eproc. rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। जिनके यूबीएन नम्बर निम्नानुसार है:-

1.PWD2627WSOB15850
2.PWD2627WSOB15852
3.PWD2627WSOB15853

(रोहित चौधरी)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड बालोतरा

DIPR/C/18542/2026

कार्यालय ग्राम पंचायत सदारामजी का खेड़ा पंचायत समिति बिजौलियां भीलवाड़ा राजस्थान

क्रमांक : /ग्रा.पं.वि./2025-26/53 दिनांक : 23.11.2026

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वामित्व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत की आबादी भूमि में बसे लोगों को उनके स्वामित्व की भूमि का निम्नानुसार प्रोपर्टी कार्ड दिया जाना है। भारतीय सर्वेक्षण विभाग जयपुर से प्राप्त राजस्व ग्राम सदाराम जी का खेड़ा की आबादी भूमि की सर्वे सूचि मय मेप 2.0 तथा प्रोपर्टी पार्सल आमजन के अवलोकनार्थ ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध है। तथा कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कर दी गई है। जिनका कार्यालय समय में अवलोकन किया जा सकता है। इसके संबंध में किसी प्रकार आपत्ति/संशोधन हेतु लिखित मय साक्ष्य दस्तवेजों आपत्ति पत्र जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करें तथा मियाद उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

नोट :- आबादी स्थित अपने मकान/भूखण्डों का पट्टा स्वामित्व दस्तावेज मोबाइल नं. व आधार कार्ड आवश्यक रूप से साथ लेकर आये।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सदारामजी का खेड़ा
पं. स. बिजौलियां

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED, DD-1 JODHPUR

Near Ratanada Police Station, Jodhpur (Ph. No. 0291-2651742) EMail-ee1phedjdp2@gmail.com, ee-ddn1-jod-rj@nic.in

No. EE/PHED/DD-1/NIT/2026-27/2804-2816 Date : 20.11.2026

निविदा सूचना संख्या : 58 से 60/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 30.11.2026 दोपहर को 12.00 बजे तक नॉन-रिफण्डेबल शुल्क के भुगतान पर बेची जायेगी। निविदाएं दिनांक 30.11.2026 को 01.00 बजे तक प्राप्त की जाकर उसी दिन दोपहर 02.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। बिना निविद प्रपत्र वाली एवं निर्धारित समय के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। अन्य विवरण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र website : www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है। जिसको कोई भी निविदादाता डाउनलोड कर सकते है।

निविदा सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाखों में)	धरोहर राशि (रू.)	निविदा शुल्क (रू.)	समय अवधि
58	Works of Repairing of valve chmbers in various schemes under sub DN Bilara UBN No. PHE2627WSOB07138	4.90	9800	200	12 Month
59	Fabrication work under Sub Dn Bilara UBN No. PHE2627WSOB07139	3.00	6000	200	12 Month
60	Fabrication work under Sub Dn Pipar City UBN No. PHE2627WSOB07140	3.00	6000	200	12 Month

The Cost of tender documents, EMD is to be paid bvy egrass as detailed below :
Office Code : 23705 "OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PHED DD-I JODHPUR"

	Earnest Money	Tender Cost
Budget Hear	8443-00-108-00-00 लोक निर्माण कार्य जमा	0075-00-800-52-01 निविदा शुल्क की प्राप्तियां

शर्तें :-
1. किसी भी निविदा को बिनाक रण बताये निरस्त करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता को होगा।
2. निविदा बेचने एवं प्राप्ति के दिन यदि राजकीय अवकाश होगा तो निविदा दूसरे दिन बेची व प्राप्त की जाएगी।

"जल ही जीवन है"

(विपेन्द्र भाखर)
अधिशाषी अभियंता, जल.स्वा. अभि. विभाग
जिला खण्ड प्रथम जोधपुर
मो. 91-94628-38210

DIPR/C/18584/2026

न्यूज इन बाक्स

सड़क किनारे मिला बुजुर्ग का शव, फैली सनसनी, बेटे ने पोस्टमार्टम से किया इनकार

भीलवाड़ा। मांडलगढ़ थाना क्षेत्र के आलिया-गुप्तेश्वर महादेव मंदिर मार्ग पर सड़क किनारे एक 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के बाद परिजनों की सहमति से बिना पोस्टमार्टम शव सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक आलिया-गुप्तेश्वर महादेव मार्ग स्थित सीसी रोड के किनारे बुजुर्ग के मृत पड़े होने की सूचना मिली। सहायक उप निरीक्षक रघुवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, जहां लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने प्रारंभिक निरीक्षण किया, लेकिन मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले। मृतक की पहचान मोडूराम भील (60) के रूप में हुई, जो आलिया में अपने ससुराल में रह रहे थे। सूचना मिलने पर भीलवाड़ा में मजदूरी करने वाला उनका बेटा रमेश भील मौके पर पहुंचा और पिता के शव की पहचान की। पुलिस का कहना है कि ग्रामीणों ने बुजुर्ग को मौत की सूचना मिलने से करीब दो घंटे पहले तक आते-जाते देखा था। शुरुआती तौर पर मौत का कारण हार्ट अटैक या किसी बीमारी से होने की संभावना जताई जा रही है। बेटे रमेश ने पिता की मौत को लेकर किसी तरह का संदेह नहीं जताया और पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। इसके बाद परिजनों की सहमति से पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम शव उन्हें सौंप दिया। शरीर पर चोट के निशान न मिलने और परिजन द्वारा किसी संदेह से इनकार करने के चलते मामले में किसी बाहरी साजिश की आशंका सामने नहीं आई है।

शहर से व्यापारी और बुजुर्ग लापता, थानों में मामला दर्ज; तलाश में जुटी पुलिस

भीलवाड़ा। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से एक व्यापारी और एक बुजुर्ग के लापता होने के मामले सामने आए हैं। परिजनों द्वारा संभावित स्थानों पर तलाश करने के बावजूद कोई सुराग नहीं मिलने पर सोमवार को कोतवाली और गांधी नगर थानों में गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। पहला मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है, जहां काशीपुरी निवासी आनंदीलाल 21 नवंबर को शाम करीब 5 बजे घर से निकले थे। इसके बाद वे वापस नहीं लौटे। परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी हाथ नहीं लगी। आखिरकार सोमवार को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसके बाद पुलिस उनकी तलाश कर रही है। दूसरा मामला गांधी नगर थाना क्षेत्र का है। सहायक उप निरीक्षक महेंद्र सिंह के अनुसार, देव नारायण चौराहे के पास 100 फीट रोड निवासी तेजिंद्र सिंह राठौड़ (40) भी गत 21 नवंबर को घर से निकले थे और फिर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन पता नहीं चलने पर सोमवार को उनके बेटे अमनदीप ने गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस लापता तेजिंद्र सिंह राठौड़ की तलाश में जुटी है। कुछ ही दिनों के अंतराल में शहर के दो अलग-अलग इलाकों से लोगों के लापता होने से परिजनों की चिंता बढ़ गई है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल और स्थानीय सूचना तंत्र को सक्रिय कर दोनों लापता लोगों को शीघ्र सकुशल तलाशने के प्रयास तेज करने चाहिए।

रास्ते में काल बनकर आए वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो चचेरे भाइयों की मौत

भीलवाड़ा। घर से भजन संध्या में शामिल होने का उत्साह लेकर निकले दो चचेरे भाइयों को रास्ते में मौत ने ऐसा घेरा कि दोनों फिर कभी घर नहीं लौट सके। पारोली थाना क्षेत्र में कोठाज के समीप एक तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को भीषण टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गई, जिससे फलासेड़ गांव में मातम पसर गया है। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना रविवार देर रात पारोली थाना क्षेत्र में दांतड़ा और कोठाज के बीच कोटड़ी रोड पर हुई। फलासेड़ निवासी कन्हैयालाल गुर्जर (20) पुत्र उदयलाल गुर्जर और उसका चचेरा भाई रामपाल गुर्जर (21) पुत्र हरचंद गुर्जर बाइक पर सवार होकर कोठाज में आयोजित भजन संध्या में जा रहे थे। रास्ते में कोठाज के नजदीक एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।
एक ने मौके पर तो दूसरे ने अस्पताल में तोड़ा दम- पारोली थाने के हेड कांस्टेबल हरीराज मीणा ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कन्हैयालाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल रामपाल को प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा रेफर किया गया, जहां एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। हादसे की खबर फलासेड़ गांव पहुंचते ही दोनों परिवारों में चीख-पुकार मच गई। मृतक रामपाल मार्बल की खान में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था, जिसके परिवार में दो छोटे बेटे और एक बड़ा भाई है। वहीं कन्हैयालाल खेती का काम करता था और उसकी शादी कोठाज में हुई थी, लेकिन उसके कोई संतान नहीं थी।भीलवाड़ा से रामपाल का शव कोटड़ी अस्पताल लाया गया, जहां दोनों मृतकों के शवों को मोर्चरी में रखवाया गया। सोमवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए और अज्ञात वाहन व चालक की तलाश शुरू कर दी है।

ट्रेन में सोते रहे दंपती और चोर पार कर ले गए सवा 3 लाख के गहने-नकदी

भीलवाड़ा। भारतीय रेलवे के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले एसी फर्स्ट क्लास कोच में भी अब चोरों की नजर लग गई है। उदयपुर-खजुराहो एक्सप्रेस में सफर कर रहे अजमेर के एक दंपती के गहरी नींद में होने का फायदा उठाकर चोर महिला का पर्स ले उड़े और उसमें रखे सवा तीन लाख रुपए कीमत के सोने-हीरे के आभूषण व नकदी चुरा लिए। वारदात के बाद चोर खाली पर्स और मोबाइल फोन कोच के टॉयलेट में छोड़कर फरार हो गए। जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) में यह रिपोर्ट अजमेर के आदर्श नगर स्थित शालीमार कॉलोनी निवासी बीना कुमारी ने दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक, वह अपने पति विजय कुमार के साथ 20 नवंबर की रात करीब 10 बजे राणा प्रताप नगर (उदयपुर) से जयपुर जाने के लिए उदयपुर-खजुराहो एक्सप्रेस के एसी फर्स्ट क्लास कोच में सवार हुई थीं। सफर के दौरान रात में दंपती सो गए थे। तड़के करीब 3:35 बजे जब उनके पति विजय कुमार टॉयलेट गए, तो वहां एक पर्स टंगा हुआ दिखाई दिया। संदेह होने पर जब उन्होंने पर्स की जांच की, तो वह उनकी पत्नी का ही निकला और उसमें रखा कीमती सामान गायब था। चोर पर्स में रखे 25 हजार रुपए नकद, करीब 3 तोला वजनी सोने का मंगलसूत्र, हीरे की दो इयररिंग और करीब 2 तोला सोने की दो इयररिंग चुरा ले गए। हालांकि, चोरों ने पर्स में रखा मोबाइल फोन, पहचान संबंधी दस्तावेज और आर्टिफिशियल ज्वेलरी वहीं छोड़ दी। चोरी गए माल की कुल कीमत करीब सवा तीन लाख रुपए आंकी गई है। शिकायत पर जीआरपी पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब ट्रेन के कोच अटेंडेंट और संबंधित स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

कल होगा राजसमंद जिला प्रमुख का चुनाव डॉ. जोशी पहुंचे नाथद्वारा, कांग्रेस में नाम पर मंथन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, राजसमंद

जिला प्रमुख के चुनाव को लेकर जिले में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। बुधवार को होने वाले जिला प्रमुख के चुनाव से पहले कांग्रेस के प्रमुख रणनीतिकार और मेवाड़ के दिग्गज नेता डॉ. सीपी जोशी नाथद्वारा पहुंच गए हैं।

उनके नेतृत्व में राजसमंद जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक में जिला प्रमुख के नाम को लेकर मंथन किया जा रहा है। कांग्रेस ने अपने जीते हुए सभी 17 जिला परिषद सदस्यों को बाड़ेबंदी में रखा है, ताकि चुनाव के दौरान पार्टी की एकजुटता बनी रहे। जिला प्रमुख पद को लेकर कांग्रेस में कई नामों की चर्चा चल रही है, लेकिन पार्टी ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं।



माना जा रहा है कि डॉ. सीपी जोशी और जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह आपसी सहमति और सर्वसम्मति से अंतिम नाम तय करेंगे। जिला परिषद की 29 सीटों में से कांग्रेस ने 17 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। ऐसे में जिला प्रमुख की कुर्सी पर कांग्रेस का दावा मजबूत माना जा रहा है।

17 सीटों की अप्रत्याशित जीत के बाद कांग्रेस ने की बाड़ेबंदी

20 नवंबर शु वार को पंचायती राज चुनाव के परिणाम घोषित हुए थे। राजसमंद जिला परिषद की 29 सीटों में कांग्रेस ने अप्रत्याशित प्रदर्शन करते हुए 17 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि भाजपा को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। कांग्रेस को भी इतनी बड़ी जीत का अनुमान नहीं था। यही वजह रही कि चुनाव परिणाम आने से पहले कांग्रेस के किसी भी प्रत्याशी को बाड़ेबंदी में नहीं रखा गया था। परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस ने अपने सभी 17 विजयी जिला परिषद सदस्यों को बाड़ेबंदी में भेज दिया। वहीं भाजपा ने भी चुनाव परिणाम से पहले अपने प्रत्याशियों को बाड़ेबंदी में रखा था, लेकिन परिणाम घोषित होने के बाद उन्हें मुक्त कर दिया गया।

जिला प्रमुख चुनाव का कार्यक्रम

राजसमंद जिला प्रमुख के चुनाव को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। बुधवार को निर्धारित कार्य म के अनुसार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नामांकन प्रक्रिया होगी। दोपहर 1 से 2 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद मतदान प्रि या शुरू होगी, जो शाम 5 बजे तक चलेगी। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा।
अब सभी की नजरें कांग्रेस के जिला प्रमुख पद के उम्मीदवार पर टिकी हैं। डॉ. सीपी जोशी की मौजूदगी में होने वाले मंथन के बाद ही तस्वीर साफ होगी कि राजसमंद जिला परिषद की कमान किसके हाथों में जाएगी।

भीम में ट्रेलर पलटने के बाद लगी भीषण आग जिंदा जलने से एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

लोकजीवन न्यूज सर्विस, राजसमंद

जिले के भीम थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-58 पर चुना का भट्ठा के पास सोमवार रात करीब 8 से 9 बजे के बीच दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित होकर एक ट्रेलर सड़क पर पलट गया। पलटते ही ट्रेलर में भीषण आग लग गई।

हादसे के दौरान केबिन में सवार ड्राइवर और क्लीनर अंदर ही फंस गए। आग की चपेट में आने से एक की मौके पर ही जिंदा जलने से मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से झुलस गया। जानकारी के अनुसार, हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत कर ट्रेलर के केबिन



में फंसे दोनों युवकों को बाहर निकाला। हालांकि, तब तक भागचंद पुत्र सांवरलाल, निवासी रामपुरा, ब्यावर की मौत हो चुकी थी। वहीं सुरेश पुत्र रामकरण, निवासी मकरेड़ा मांगलियावास, ब्यावर गंभीर रूप से झुलस गया। सूचना मिलते ही भीम डीएसपी राकेश वर्मा पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल सुरेश को तत्काल भीम जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार जारी है। वहीं



दमकल की सहायता से ट्रेलर में लगी आग पर काबू पाया गया। हादसे के चलते नेशनल हाईवे पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। करीब दो घंटे तक हाईवे की एक लेन पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर यातायात सुचारु करवाया। हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत और दूसरे के गंभीर रूप से घायल होने के बाद परिजनों को सूचना दे दी गई है।

पंडेर व मांडल में दो सड़क हादसों ने लील ली तीन बुजुर्गों की जिंदगी, घरों में पसरा मातम

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिले के पंडेर और मांडल थाना क्षेत्रों में हुए दो भीषण सड़क हादसों ने तीन परिवारों का सहारा हमेशा के लिए छीन लिया है। तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से तीन बुजुर्गों की मौत के बाद संबंधित गांवों में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।पहली दुखद घटना पंडेर थाना क्षेत्र में सामने आई। जानकारी के अनुसार, गुलाबपुरा निवासी भैरूलाल (56) पुत्र सोराम भील और माधो (66) पुत्र नंदा भील रविवार देर शाम शाहपुरा से बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। एनएच-48 डी पर बावड़ी चौराहा और पंडेर के बीच जहाजपुर से शाहपुरा की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में माधो भीलवाड़ा पहुंचने से पहले ही दम तोड़ बैठे, जबकि गंभीर रूप से घायल भैरूलाल को प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने भी अंतिम सांस ली। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शिंभूदयाल और दीवान बृजमोहन जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे तथा कार व बाइक को डिटेन किया। सोमवार को पंडेर के राजकीय अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंपे गए।

मांडल में ओवरटेक के दौरान कार ने मारी टक्कर

दूसरी दुर्घटना मांडल थाना क्षेत्र में हुई, जहां खामोर निवासी माधु (58) पुत्र बालु गुर्जर बाइक से मांडल से अपने गांव जा रहे थे। बलाईखेड़ा और नीम का खेड़ा गांवों के बीच एक वाहन को ओवरटेक करते समय सामने से आ रही कार ने उन्हें चपेट में ले लिया। दीवान राजेश कुमार के अनुसार, गंभीर घायल माधु गुर्जर को मांडल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

गांवों में छाया सन्नाटा, पुलिस जुटी जांच में

दोनों हादसों के बाद मृतकों के गांवों में गमगीन माहौल है। जो परिजन अपनों के घर लौटने की राह तक रहे थे, उनके हिस्से केवल दुख और आंसू आए। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बजरी माफिया पर शिकंजा, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर एक को दबोचा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिले में अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ सदर थाना पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस टीमों ने गश्त के दौरान बजरी से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर एक आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरा चालक पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। सदर थाना प्रभारी प्रहलाद सहाय के अनुसार, 23 नवंबर को हेड कांस्टेबल मोतीलाल जाब्ते के साथ गश्त पर थे। दोपहर करीब 1:10 बजे जोधड़ास चौराहा से गोविंदपुरा पालड़ी की ओर जाने वाली पुलिया के पास करीब 4 टन बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली आती दिखाई दी। पुलिस वाहन को देखते ही चालक ट्रैक्टर को कच्चे रास्ते पर भगा ले गया और आगे जाकर वाहन छोड़कर नदी के पेटे व खेतों के रास्ते फरार हो गया। काफी तलाश के बाद भी चालक का सुराग नहीं लगने पर पुलिस ने वाहन जब्त कर मामला दर्ज किया और जांच हेड कांस्टेबल मनोज कुमारी को सौंपी।

उधर, एएसआई फूलचंद मीणा जाब्ते के साथ अवैध खनन की रोकथाम के लिए गश्त कर रहे थे। दोपहर करीब 12:45 बजे जोधड़ास चौराहा से गोविंदपुरा जाने वाली नई पुलिया के पास पुलिस ने बजरी से भरे एक ट्रैक्टर को रुकवाया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम राहुल भील (23) निवासी भीलों का बांस, हाजीवास (थाना शंभूगढ़) बताया। दस्तावेज नहीं दिखा पाने पर हुई जब्ती- चालक ट्रॉली में भरी करीब 4 टन बजरी के परिवहन से जुड़ा कोई वैध परमिट, लाइसेंस या रवन्ना पेश नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर आरोपी राहुल भील को गिरफ्तार कर लिया। इस प्रकरण की अग्रिम जांच एएसआई मोहम्मद हुसैन के जिम्मे की गई है। सदर थाना पुलिस ने दोनों ही मामलों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और एमएमडी आरएक्ट की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिए हैं। पुलिस अब फरार चालक और दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के मालिकों की पहचान कर उन पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है।

ज़ी टीवी के 'तुम से तुम तक' ने पूरे किए 500 एपिसोड्स अनु और आर्यवर्धन की जोड़ी ने जीता दर्शकों का दिल

इंदौर। ज़ी टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'तुम से तुम तक' ने प्यार, ड्रामा और पारिवारिक भावनाओं के सफर में 500 एपिसोड्स पूरे कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। शरद केलकर आर्यवर्धन और निहारिका चौकसे अनु की भूमिका में दर्शकों के बीच खासी लोकप्रियता बटोर रहे हैं। यह कहानी 20 वर्षीय युवती और 45 वर्षीय व्यवसायी के असाधारण सफर को दर्शाती है, जिनकी आकस्मिक मुलाकात धीरे-धीरे एक ऐसे रिश्ते में बदलती है जो प्यार और साथ को लेकर प्रचलित सामाजिक धारणाओं को चुनौती देती है। शो ने रिश्तों की पेचीदगियों और बदलती सोच को संवेदनशीलता के साथ पर्दे पर उतारा है। अब तक के सफर में कथावस्तु



कई नाटकीय मोड़ों और उतार-चढ़ाव से गुजरी है। पारिवारिक परिस्थितियों में बदलाव, दो पीढ़ियों के बीच वैचारिक मतभेद और नए घटनाक्रमों ने दर्शकों की उत्सुकता बनाए रखी है। अनु और आर्यवर्धन आज भी कहानी के केंद्र में हैं। अपने रिश्ते को लेकर परिवार की नाराजगी, गलतफहमियों और तमाम चुनौतियों का सामना करने के बाद दोनों के विवाह ने शो को नई गति दी है। 500 एपिसोड्स पूरे होने के अवसर पर सेट पर कलाकारों और पूरी टीम ने उत्साह के साथ जश्न मनाया।

अनु की भूमिका निभा रहीं निहारिका चौकसे ने कहा कि 500 एपिसोड्स का सफर उनके लिए बेहद खास और यादगार रहा है तथा यह किरदार उनके जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। उन्होंने किरदार के विकास और चुनौतियों से जूझने के अनुभव को शानदार बताते हुए पूरी टीम और दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया। आने वाले एपिसोड्स में अनु और आर्यवर्धन की जिंदगी में कई नए मोड़, रोमांस और दिलचस्प ट्विस्ट देखने को मिलेंगे। यह शो हर रात 8:30 बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित हो रहा है।

स्कूली बच्चों के पोषण के लिए एमवे इंडिया की पहल देशभर में वितरित होंगे 1.62 लाख से अधिक पौष्टिक आहार

जयपुर। स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए एमवे इंडिया ने 'द अक्षय पात्र फाउंडेशन' के साथ साझेदारी की है। इस पहल के तहत देशभर के स्कूली बच्चों को 1,62,000 से अधिक पौष्टिक आहार उपलब्ध कराए जाएंगे। फाउंडेशन की 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित रसोइयों के माध्यम से यह भोजन वितरित किया जाएगा। बाल दिवस से शुरू हुआ यह अभियान दिसंबर 2026 की शुरुआत तक चलेगा। इस दौरान जयपुर, दिल्ली, अहमदाबाद, भुवनेश्वर, गुवाहाटी,



बेल्लारी, ठाणे और चेन्नई सहित आठ शहरों में एमवे के कर्मचारी और डिस्ट्रीब्यूटर्स स्वयंसेवक के रूप में जुड़ेंगे। वे फाउंडेशन की टीमों के साथ मिलकर भोजन तैयार करने में सहयोग करेंगे और बच्चों को संतुलित आहार एवं स्वस्थ खान-पान की आदतों के प्रति जागरूक भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि द अक्षय पात्र फाउंडेशन भारत सरकार के पीएम पोषण कार्यक्रम के प्रमुख कार्यान्वयन भागीदारों में से एक है, जिसके अंतर्गत देश के 10.35 लाख स्कूलों के लगभग 11 करोड़ बच्चों को मध्याह्न भोजन मिलता है। एमवे इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर रजनीश चोपड़ा ने कहा कि अच्छा पोषण बच्चों के सर्वांगीण विकास और सीखने की क्षमता के लिए मजबूत आधार तैयार करता है। उन्होंने इस अभियान की सफलता का श्रेय कंपनी के कर्मचारियों, डिस्ट्रीब्यूटर्स और ग्राहकों के स्वैच्छिक योगदान को दिया। इससे पहले वर्ष 2024 में भी दोनों संस्थाओं ने मिलकर आठ शहरों में 90,000 से अधिक पौष्टिक आहार वितरित किए थे। इसके अतिरिक्त, एमवे इंडिया अपने पावर ऑफ 5 कार्यक्रम के जरिए बचपन के कुपोषण को दूर करने की दिशा में कार्यरत है, जिससे अब तक 1.60 लाख बच्चों सहित 10 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं।

शादी के दो दशक बाद सुकून या नयापन : 'दिल की बेवफाइयाँ' में दिखेंगे गौरव खन्ना और श्रद्धा आर्या



मुम्बई। एकता कपूर के नए शो 'दिल की बेवफाइयाँ' का प्रसारण आज रात 9 बजे स्टार प्लस और जियोहॉटस्टार पर शुरू हो रहा है। इस धारावाहिक में गौरव खन्ना और श्रद्धा आर्या पति-पत्नी मानव और जानकी के किरदारों में नज़र आएंगे। शादी के बीस साल बाद यह दंपति अपने रिश्ते को बिल्कुल अलग नज़रिए से देखता है। जानकी के लिए यह रिश्ता अस्सी प्रतिशत भरा हुआ गिलास है, जिसमें उसे दोनों की साझा ज़िंदगी का सुकून दिखाई देता है। वहीं, मानव की नज़र उस बीस प्रतिशत हिस्से पर टिकी है जो उसे अब भी अधूरा लगता है और वह रिश्ते में फिर से नयापन तलाशता है। शो के लॉन्च के अवसर पर फराह खान ने उम्र के इस पड़ाव की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों की परवरिश और बुज़ुर्ग माता-पिता की ज़िम्मेदारी के बीच अपने लिए समय निकालना बेहद कठिन होता है। उन्होंने गौरव से पूछा कि क्या मानव की तरह उन्हें भी लगता है कि अभी बहुत कुछ करना बाकी है। इस पर गौरव ने कहा कि उनमें और मानव में अंतर है, क्योंकि उन्हें आज भी लगता है कि उन्हें कई नए किरदार निभाने और अलग-अलग निर्देशकों व निर्माताओं के साथ काम करना है। श्रद्धा आर्या ने बताया कि जुड़वाँ बच्चों की माँ बनने के बाद उनके लिए 'काफी' के मायने बदल गए। एक समय था जब बाहर कॉफी पीने जाने के लिए भी कई तैयारियाँ करनी पड़ती थीं। उन्होंने कहा कि अब वह संतोष के उस दौर में हैं, जहाँ जो मिल गया है उसकी कद्र करनी चाहिए और जो छूट गया है उसकी फिक्र नहीं करनी चाहिए। गौरव के अनुसार, पूरी कहानी 'काश' और 'काफी' के इसी अंतर पर आधारित है, जहाँ मानव यह सोचता है कि संतुष्ट जानकी से अपनी अधूरी इच्छाओं की बात कैसे की जाए।

गाय की पीठ में घोंपी कुल्हाड़ी, लहूलुहान हालत में गांव पहुंची तो भड़का गुस्सा

भीलवाड़ा। जिले के बीगोद थाना क्षेत्र के जोजवा गांव में एक बेजुबान गाय के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। अज्ञात हमलावर के कुल्हाड़ी से किए गए निर्मम वार से गाय लहूलुहान हालत में गांव पहुंची, जिसे देख ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। बीगोद पुलिस के अनुसार, रविवार को जोजवा गांव में एक लावारिस गाय घायल अवस्था में पहुंची। उसकी पीठ में कुल्हाड़ी धंसी हुई थी और शरीर से खून बह रहा था। बेजुबान की यह दर्दनाक स्थिति देखकर गांव के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही बीगोद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने पशु चिकित्सक को बुलाकर गाय की पीठ में धंसी कुल्हाड़ी निकलवाई और उसका उपचार कराया। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों से समझाइश कर मामले में सख्त कार्रवाई व आरोपी को जल्द पकड़ने का भरोसा दिलाया। घटना को लेकर सरपंच की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम अब बेजुबान पर हमला करने वाले आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। बेजुबान प्राणियों के प्रति ऐसी क्रूरता न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी झकझोरती है। पुलिस को जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

कार्यालय राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीगोद माण्डलगढ़ भीलवाड़ा

क्रमांक - रामेरिसो/निविदा/2026-27/396 दिनांक : 20.11.2026

निविदा सूचना -2026-27

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीगोद - भीलवाड़ा पर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए (मार्च-2025 तक) निम्नलिखित कार्यों (जॉब बेसिस) हेतु रजिस्टर्ड संस्थाओं/स्वयंसेवी संस्थाओं एवं विभिन्न प्रकार की सामग्री की आपूर्ति हेतु रजिस्टर्ड संस्थानों से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र विज्ञप्ति जारी तिथि से अंतिम विक्रय तिथि तक कार्यालय समय में कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है एवं निविदा सम्बंधी किसी भी जानकारी हेतु कार्यालय समय में कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनु. राशि	धरोहर राशि	निविदा शुल्क	निविदा प्रपत्र विक्रय अंतिम दिनांक व समय	निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक व समय	निविदा खोले जाने की दिनांक व समय
1	कम्प्युटर ऑपरेटर (मशीन विद मेन) hims.mnjy, ayum-yojna UBN No. MHS2627SSOB04448	5.00 लाख	10000/-	400/-	28.11.2026 को 10.00 से शाम 05.00 बजे तक	30.11.2026 को सुबह 11.00 बजे तक	30.11.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक
2	कम्प्युटर रिपेयर टोनर रिफिल UBN No. MHS2627SSOB04449	1.00 लाख	2000/-	400/-	28.11.2026 को 10.00 से शाम 05.00 बजे तक	30.11.2026 को सुबह 11.00 बजे तक	30.11.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक
3	वस्त्र धुलाई UBN No. MHS2627SSOB04450	2.50 लाख	5000/-	400/-	28.11.2026 को 10.00 से शाम 05.00 बजे तक	30.11.2026 को सुबह 11.00 बजे तक	30.11.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक
4	डीडी हेल्पर UBN No. MHS2627SSOB04451	2.00 लाख	4000/-	400/-	28.11.2026 को 10.00 से शाम 05.00 बजे तक	30.11.2026 को सुबह 11.00 बजे तक	30.11.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक
5	साफ-सफाई कार्य (24x7) UBN No. MHS2627SSOB04452	3.60 लाख	7200/-	400/-	28.11.2026 को 10.00 से शाम 05.00 बजे तक	30.11.2026 को सुबह 11.00 बजे तक	30.11.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक
6	प्रयोगशाला सामग्री आपूर्ति सम्बंधी कार्य UBN No. MHS2627SSOB04453	5.00 लाख	10000/-	400/-	28.11.2026 को 10.00 से शाम 05.00 बजे तक	30.11.2026 को सुबह 11.00 बजे तक	30.11.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक
7	एक्स-रे फिल्म, सामग्री आपूर्त्ति सम्बंधी कार्य UBN No. MHS2627SSOB04454	5.00 लाख	10000/-	400/-	28.11.2026 को 10.00 से शाम 05.00 बजे तक	30.11.2026 को सुबह 11.00 बजे तक	30.11.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक

शर्तें :-

1. निविदा प्रतिभूति राशि डिमांड ड्राफ्ट/बैंक चैक सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी बिगोद-भीलवाड़ा के नाम बनाना होगा। जिसे तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 30.11.2026 को दोपहर 11.00 बजे तक जमा कराना होगा।
2. निविदायें, तकनीकी निविदा प्रपत्र तथा वित्तीय बोली प्रपत्र अलग-अलग लिफाफे में बंद कर दोनों लिफाफो पर नामांकन (तकनीकी निविदा प्रपत्र या वित्तीय निविदा प्रपत्र) कर एक बड़े लिफाफे में बंद कर प्रस्तुत की जायेगी।
3. तकनीकी-वाणिज्यिक/क्वालिफाइड बिड दिनांक 30.11.2026 को दोपहर 2.00 बजे कार्यालय सदस्य सचिव रामेरिसो कार्यालय में उपस्थित बोलीदाता/संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी व तकनीकी बोली में सफल बोलीदाता की वित्तीय बोली खोली जायेगी।
4. किसी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति को अधिकार सुरक्षित है।

सदस्य सचिव
रा.मे.रि.सो, बीगोद
भीलवाड़ा